आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 15.11.2024

समय 7:20

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा– देश सही मायने में केवल तभी विकसित होगा जब जनजातीय लोग विकसित होंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रीनगर में आयोजित सात दिवसीय बैकुण्ठ चतुर्दशी मेला और विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।
- नैनीताल उच्च न्यायालय ने सम्मिलित राज्य सिविल प्रवर सेवा मुख्य परीक्षा 2024 को स्थगित करने के आदेश दिया।
- चमोली जिले में होने वाली विश्वप्रसिद्ध नंदादेवी राजजात यात्रा में ढांचागत सुविधाओं के विकास के लिए दिसंबर माह में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि देश सही मायने तभी विकसित बनेगा जब जनजातीय लोगों का विकास होगा। जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोगों की तीव्र गति से प्रगति राष्ट्र की प्राथमिकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि देश चाहता है कि जनजातीय समुदायों की सदियों पुरानी पहचान बनी रहे और साथ ही वे आधुनिक विकास के पथ पर भी आगे बढ़ते रहें।

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार जनजातीयों के विकास और कल्याण की यात्रा को तेज गति से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदायों के लाभ के लिए विशेष योजनाएं भी लागू की जा रही हैं और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रमुख राष्ट्रीय योजनाओं का लाभ सभी जनजातीय लाभार्थियों तक समय पर पहुंचे।

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए प्रधानमंत्री –जनमन अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदायों के लोगों का समग्र विकास करना है।

बैकुंठ चतुर्दशी मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल श्रीनगर में आयोजित सात दिवसीय बैकुण्ठ चतुर्दशी मेला और विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी मेला राज्य की अनमोल धरोहर है। इस सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेले देवभूमि की आस्था का प्रतीक होने साथ ही प्रदेश की समृद्ध परंपराओं का भी प्रतीक है।

गौचर मेला

मुख्यमंत्री ने कल चमोली जिले के गौचर मेले का भी शुभारम्भ किया। मेले में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गौचर मेला संस्कृति, बाजार और उद्योग तीनों के समन्वय के कारण एक प्रसिद्ध राजकीय मेला है। सात दशकों से अधिक समय से इस मेले का आयोजन राज्य और सब क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। लोक संस्कृति के संरक्षण पर जोर देते हुए श्री धामी ने कहा कि गौचर मेला, प्रदेश की संस्कृति को संजोने और व्यापारिक गतिविधियों को भी एक बड़ा मंच प्रदान करता आया है। मेलों में स्थानीय उत्पादों की बिक्री से आर्थिकी बढ़ाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान लगभग पांच करोड़ की लागत से नवनिर्मित उप संभागीय परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने पोखरी में रानौ–सिमखोली मोटर मार्ग, काफलपानी से भरतपुर तक मोटर मार्ग विस्तारीकरण, जिलासू–सरणा मोटर मार्ग निर्माण, चमोली प्रेस क्लब को कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति देने के साथ ही पोखरी में पालिटेक्निक भवन निर्माण का कार्य पूरा कराने की घोषणा की।

सशक्त भू कानून

कैबिनेट मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य में सशक्त भू–कानून लाने से पहले प्रदेशवासियों से सुझाव लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भू–कानून को लेकर भराड़ीसैंण में हुई पहली बैठक से मुख्यमंत्री ने बड़ा संदेश देने का काम किया है। हाल की हुई कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए डॉक्टर रावत ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन यापन के लिए किसी भी स्थान पर व्यापार करने की आजादी है लेकिन इस आड़ में संस्कृति से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

## आदेश

नैनीताल उच्च न्यायालय ने सम्मिलित राज्य सिविल प्रवर सेवा मुख्य परीक्षा 2024 को स्थगित करने के आदेश दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ ने प्रारंभिक परीक्षा में सफल हुए एक अभ्यर्थी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। याचिका में कहा गया है कि राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से 14 मार्च को 16 से 19 नवम्बर के बीच आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया गया। वहीं आयोग ने 4 नवम्बर को हिन्दी के पाठ्यक्रम में बदलाव कर दिया। याचिकाकर्ता ने इसे संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन मानकर आयोग के 4 नवम्बर के आदेश को रद्द करने की मांग की।

## उच्च स्तरीय बैठक

चमोली जिले में होने वाली विश्वप्रसिद्ध नंदादेवी राजजात यात्रा में ढांचागत सुविधाओं के विकास के लिए दिसंबर माह में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। नंदा देवी राजजात यात्रा, विश्वप्रसिद्ध यात्रा है, जो हर बारह साल में एक बार आयोजित की जाती है। पिछली बार यह यात्रा वर्ष 2014 में आयोजित की गई थी।

## सचिव शैलेश बगौली

पेयजल सचिव शैलेश बगौली ने चमोली जिले के कर्णप्रयाग विकासखण्ड में स्थित काण्ड़ा मैखुरा और उमट्टा गांवों में विभिन्न विकास कार्यों और सरकारी भवनों का निरीक्षण किया। इंटेक वैल और ट्रीमेंन्ट प्लांट की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सचिव ने सम्बन्धित अधिकारियों को दो महीने के अंदर सभी कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। श्री बगौली ने उमट्टा गांव में स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और ए०एन०एम सेन्टर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल विभाग के अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर स्कूल और ए०एन०एम केंद्र में जल संयोजन लगाने के निर्देश दिए।

## गुरूनानक जी की जयंती

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अपने संदेश में कहा कि गुरू नानक देव का प्रकाश पर्व हमें उनकी शिक्षाओं का स्मरण कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि इस पवित्र पर्व पर हम सभी गुरु नानक देव की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लें। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संदेश में कहा कि सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव ने हमें सच्चाई, न्याय और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि गुरुनानक ने समाज की बुराईयों को दूर करने के लिए अपने उपदेशों और शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

केदारनाथ उपचुनाव

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव को लेकर सभी राजनैतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार आशा नौटियाल ने अगस्त्यमुनि में आयोजित युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार युवाओं की सच्ची हितैषी है। उन्होंने कहा कि सरकार महाविद्यालयों को हाईटेक बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने उखीमठ मंडल के पाब, जखपुडा, मक्कूमठ और परकंडी शक्ति केंद्र में स्थानीय मतदाताओं से सम्पर्क किया और भाजपा के समर्थन में वोट मांगे। उधर, कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत ने अगस्त्यमुनि विकासखंड के कई गांवों का भ्रमण करते लोगों से चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने की अपील की।

इस बीच, उपचुनाव से पहले पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ मिलकर क्षेत्र में फ्लैगमार्च किया और निर्भीक व भयमुक्त चुनाव का संदेश दिया।

विद्युत वितरण तंत्र

राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों और खराब मौसम में विद्युत वितरण तंत्र को मजबूत बनाने के लिए उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड– यू०पी०सी०एल आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर रहा है। वोल्टेज और पावर फैक्टर की गुणवत्ता में सुधार के लिए यू०पी०सी०एल कैपेसिटर बैंक की स्थापना कर रहा है। इसके लिए वर्तमान में यूपीसीएल प्रदेश भर में अपने उपसंस्थानों के कुल 101 नग परिवर्तकों के लिये कैपेसिटर बैंक की स्थापना करेगा, जिसका काम मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। यू०पी०सी०एल के प्रबन्ध निदेशक ने कहा कि बिजली प्रणाली नेटवर्क में कैपेसिटर बैंक की स्थापना एक गेम चेंजर परियोजना साबित होगी। योजना के सफल रुप से लागू होने पर उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता बेहतर होने के साथ ही वोल्टेज की गुणवत्ता में सुधार होगा, जिससे प्रदेश में सिंचाई और पेयजल परियोजना की दक्षता में भी बढोतरी होगी।

कैपेसिटर बैंक एसी विद्युत आपूर्ति में पावर फैक्टर लैग और फेज शिफ्ट को सही करने में मदद करती है, जिससे विद्युत ऊर्जा हस्तांतरण की दक्षता बढ़ जाती है।

एक नज़र समाचार पत्र की सुर्ख़ियों पर–

उच्च न्यायालय के आदेश पर उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की 16 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल–प्रवर सेवा मुख्य परीक्षा 2024 के स्थगित किये जाने की ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है। साथ ही बताया है कि आयोग इसके लिए नयी तिथि घोषित करेगा। याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने आयोग को ज़रूरी दिशा–निर्देश जारी किये हैं।

भारतीय हिमालयी क्षेत्र में जल विद्युत योजनाओं का निर्माण हमेशा से ही विवादस्पद रहा है। अमर उजाला ने इस विषय को प्रमुखता से उठाते हुए क्लाइमेट रिस्क होराइजंस की रिपोर्ट के हवाले से लिखा है कि कई जलविद्युत परियोजनाएं जलवायु परिवर्तन के उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में हैं और चरम मौसमी घटनाओं में इन परियोजनाओं को पूरी तरह से नष्ट करने की क्षमता है।

दैनिक जागरण ने मौसम पर खबर दी है – मैदानी ज़िलों में तीन दिन घने कोहरे की चेतावनी।